Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 1

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

करती है पूरी केयर, रखती पूरा ध्यान।
मनवाना हो कुछ अगर, तो झट जाती मान।
तो झट जाती मान, पुलिस पूरी प्रैक्टीकल।
कोई भी हो फील्ड, सदा रहती है अव्वल।
कह साहिल कविराय, नहीं रत्ती भर डरती।
रखती पूरा ध्यान, केयर यह पूरी करती।



\- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 72 | THURSDAY 26-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# PMO तक पहुंचा मामला : हॉस्पिटलों में मरीजों पर फार्मेसी से दवाइयों की खरीद का दबाव बनाना









अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 25 मार्च। आए दिन देखने में याद आता है कि अस्पताल अपनी फामेर्सी से मरीजों को दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करते हैं और बाहर से दवाई चाहे जितनी मर्जी सस्ती हो मरीज के परिजनों को नहीं लेने दी जाती इससे मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बहुत तो बढ़ता ही है पर दूसरी और अस्पतालों की लूट भी खुलकर सामने आती है इस संसार में स्वास्थ्य विभाग की उच्च अधिकारियों का कहना है कि लोग अक्सर ऐसे मामलों की शिकायत नहीं करते शिकायत करने पर मामले की व्यापक स्तर पर जांच कराई जा सकती है इसलिए लोगों को चाहिए कि वह आगे आकर अगर कहीं होने लगता है कि अस्पताल बेवजह इलाज और दवाइयां के अधिक पैसे ले रहा है तो उसे तुरंत स्थानीय सिविल सर्जन को अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए जिस पर मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराई जा सकती है।

## खबर पढ़ कर सामने आये कई मामले

इस सिलसिले में यू टर्न टाइम्स में प्रकाशित आज की खबर को देखते हुए कई लोग सामने आए जिनमें से एक सीनियर सिटीजन ने सामने आकर अपना मामला रखा जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी का उपचार फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम में कराया था जो बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुई थी परंतु उसका उपचार इतना लंबा चलाया गया कि उनका कुछ दिनों में उनके 25 लख रुपए खर्च हो गए और अस्पताल किया कर्मचारियों की गलती की वजह से मरीज की हालत में सुधार होने की बजाय उसकी हालत बिगड़ती चली गई जब उन्होंने मरीज की हालत देखते हुए अस्पताल प्रबंधन को से अपनी शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने उपचार की कीमतों में डिस्काउंट देने का वादा करते हुए आईसीयू के खर्चों में कमी कर दी और उन्हें बाहर से दवाइयां लाने के लिए छूट दे दी।

## कीमतों में जमीन आसमान का अंतर

प्रधानमंत्री कार्यालय को 30 पेज की शिकायत लिखने वाल प सीनियर सिटीजन ने आगे बताया कि जब उन्होंने देखा कि जो दवाई अस्पताल में लगभग 6600 की मिल रही थी वह बाहर से मात्र 600 में आ गई तो उनके पैरों के तले से जमीन निकल गई 73 वर्षीय भुक्त भोगी ने बताया आईसीयू में पत्नी को भर्ती करने के बाद उन्हें पता चला कि मरीज के परिजनों को अस्पताल में रुकने के लिए कोई प्रबंध नहीं था मरीज के परिजनों को ठहरने के लिए कोई जगह नहीं दी गई और ना ही उन्हें कमरा अलॉट किया गया परंतु अनुभव के आधार पर उन्हें अस्पताल और फार्मा नेक्सस का माजरा समझ आने लगा जिसे लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय स्थित कई संस्थाओं उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने लोकहित में लोगों को सस्ता उपचार उपलब्ध कराने के लिए दवाइयां की सिस्टमैटिक ओवर प्राइसिंग और अस्पताल तथा फार्मास्यूटिकल कंपनियों के गठजोड़ की व्यापक जांच करने की मांग की है ताकि अस्पताल अंधी लुट न कर सके।

## जरूरी दवाओं की MRP में बनावटी बढ़ोतरी

उन्होंने कहा कि आवश्यक दवाइयां की कीमतों में बनावटी बढ़ोतरी की जा रही है जो बनाने की लागत से जुड़ी हुई नहीं है बल्कि लाभ करवाने के लिए रखी गई है उन्होंने देखा कि अस्पताल दवा पर छपे हुए निर्धारित एमआरपी से बहुत कम कीमत पर दवाइयां खरीद रहे हैं और मरीजों को एमआरपी पर खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि अस्पतालों नर्सिंग होम तथा निजी क्लिनिको ने अपनी दवाइयां बनवानी शुरू कर दी है और उसकी कीमत भी अपनी मर्जी पर प्रिंट कराई हुई है।

**कॉपोर्रेट अस्पतालों को चाहिये आमीर मरीज खाल उतारने के लिए...**कॉरपोरेट और निजी अस्पतालों जहां डॉक्टरों के भी टारगेट फिक्स किए जाते हैं वहां पर ऐसे मरीजों का वेलकम किया जाता है जिसके पास मोटी बीमा पॉलिसी हो और उसके पास अच्छे खासे पैसे और संपत्ति हो अब तो अस्पताल अपने फार्म में मरीजों की संपत्ति आदि का ब्योरा भी दर्ज करने लगे हैं ताकि उसकी माली हालत का अंदाजा लगाया जा सके और उसके अनुरूप उसका अस्पताल में स्टे बढा कर उसका बिल बनाया जा सके।




## पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का इलाज करते हैं मुफ्त

*अक्सर देखने में सामने आया है कि निजी तथा कॉरपोरेटर अस्पताल पुलिस व प्रश्न प्रशासनिक उच्च अधिकारियों का उपचार निशुल्क करते हैं ताकि कभी उन पर कोई बुरा समय आए जो अक्सर मरीजों की शिकायत के रूप में सामने आता है तो उनसे मदद ली जा सके लाखों रुपए का निशुल्क के उपचार करने की बजाय व चंद् गरीबों का उपचार मुफ्त में करने में आनाकानी करते हैं बावजूद उनके लाखों का बिल क्यों ना आए अस्पताल बड़े आराम से उसे माफ कर देते हैं।*

## सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाएं हो जाती है फेल...

**लोगों के कहना है कि अस्पतालों द्वारा मचाई जा रहे लूट के कारण ही सरकारी शहर बीमा योजना अक्सर फेल हो जाती हैं क्योंकि निजि और कॉरपोरेट अस्पताल कम कीमतों में उपचार करने के लिए तैयार नहीं होते और सरकारी योजनाओं से बचने की कोशिश करते हैं हाल ही में सरकार द्वारा शुरू की गई 10 लाख की सेहत बीमा योजना को लागू करने के लिए निजी अस्पताल और कॉरपोरेट अस्पताल काफी आनाकानी कर रहे हैं आने वाले दिनों में इस पॉलिसी को खराब करने के लिए निजी और कॉरपोरेटर अस्पताल मरीजों को सरकारी अस्पतालों में रेफर करते हुए दिखाई दे सकते हैं जबकि सरकारी उच्च अधिकारियों का कहना है कि 10 लाख की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में सभी निजी अस्पतालों और कॉर्पोरेट अस्पतालों जिसमें फोर्टिस, अपोलो, मैक्स तथा एसपीएस आदि अस्पताल की श्रेणी शामिल है को 10 लाख की स्वास्थ्य सेहत बीमा योजना लागू करने के लिए कहा गया है विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी पॉलिसीयों को निजी तथा कॉरपोरेट अस्पताल ही खराब करते हैं।**

# जगरांव में 'पंजाब बचाओ रैली' पर टिप्पणी से सियासी विवाद तेज

जगरांव/यूटर्न/25/मार्च। 18 मार्च को जगरांव में आयोजित ह्लपंजाब बचाओ रैलीह्व को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणियों के बाद सियासी माहौल गर्मा गया है। शिरोमणि अकाली दल ने आम आदमी पार्टी समर्थक एवं गांव डल्ला के सरपंच गोपाल सिंह पाली के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें 24 घंटे के भीतर अपने आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करने या सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी द्वारा



जारी प्रेस नोट के मुताबिक, सरपंच पाली ने आरोप लगाया था कि रैली में परोसा गया लंगर गुरुद्वारा गुरूसर काऊंके से लाया गया था। अकाली दल ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताते हुए कहा कि इस तरह के बयान न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले भी हैं।

हलका इंचार्ज एवं कोर कमेटी सदस्य एस.आर. क्लेर ने कहा कि रैली की अभूतपूर्व सफलता से बौखलाए विरोधी दल अब ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच की टिप्पणी एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है और यदि निर्धारित समय के भीतर माफी नहीं मांगी गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर नेता गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरुधामों से जोड़कर झूठे आरोप लगाना सिख मयार्दा के विरुद्ध है, जिससे संगत की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैली का लंगर एक निजी ठेकेदार के माध्यम से लाखों रुपये खर्च कर तैयार करवाया गया था।

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

## लुधियाना ईस्ट में टिकट को लेकर बढ़ी सरगर्मी, कई दावेदार मैदान में

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। गत दिनों मोगा में आयोजित अमित शाह की परिवर्तन रैली की सफलता के बाद लुधियाना ईस्ट विधानसभा सीट पर टिकट को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस सीट से कई नेताओं ने अपनी दावेदारी मजबूत करनी शुरू कर दी है। प्रमुख दावेदारों में 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर विपरीत परिस्थितियों में चुनाव लड़कर 18,000 से अधिक वोट हासिल करने वाले जगमोहन शर्मा का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कार्यकताओं के बीच उनके नाम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और उन्हें मजबूत उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, जतिंदर मित्तल भी टिकट की दौड़ में सक्रिय हैं और लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, उनके खिलाफ यह चर्चा भी चल रही है कि उन्होंने अपने राजनीतिक हितों के चलते संगठन को कमजोर किया है। बताया जा रहा है कि ईस्ट हल्के के करीब 80% मंडल केवल कागजी स्तर तक ही सीमित रह गए हैं। परिवर्तन रैली में लुधियाना ईस्ट से बसों की कम संख्या भी संगठन की कमजोर स्थिति को दशार्ती है। इसके अलावा, पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा और नए चेहरों को प्राथमिकता देने की चर्चा भी सामने आ रही है, जो पार्टी के लिए चिंता का विषय बन सकती है।



## मुख्यमंत्री को शिकायत भेज तहसीलों की जांच की मांग

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। यूथ फॉर पब्लिक राइट्स संस्था के प्रतिनिधि वरुण मेहता ने मुख्यमंत्री और पंजाब के प्रमुख सचिव को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजकर पिछले छह महीनों में बिना एनओसी के हुई रजिस्ट्रियों की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने विजिलेंस विभाग और खुफिया विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है। मेहता ने अपनी शिकायत में कहा कि सरकार ने अवैध कॉलोनियों और कॉलोनाइजरों की मनमानी रोकने के लिए रजिस्ट्री के समय एनओसी अनिवार्य की थी, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। हालांकि, इसके बावजूद कई तहसीलों में कुछ कर्मचारियों पर दलालों के साथ मिलीभगत कर नियमों की अनदेखी करने के आरोप हैं। आरोप है कि दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर मोटी रिश्वत लेकर रजिस्ट्रियां की जा रही हैं, जिससे न केवल आम जनता ठगी का शिकार हो रही है, बल्कि सरकारी खजाने को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि दोषी अधिकारियों और दलालों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, बिना एनओसी रजिस्ट्री के मामलों में एकमुश्त फीस तय कर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की जरूरत बताई, ताकि जनता को राहत और सरकार को राजस्व में बढ़ोतरी मिल सके।



# रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। सेंसेक्स 1,205 अंक या 1.63% बढ़कर 75,273.45 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 394.05 अंक या 1.72% बढ़कर 23,306.45 पर बंद हुआ

बुधवार को रुपया 29 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.05 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। इसकी वजह ऋक्क (विदेशी संस्थागत निवेशकों) का भारी बहिर्प्रवाह और पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव था, जिसने निवेशकों को बेचैन कर दिया। फॉरेक्स ट्रेडर्स ने बताया कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर का कमजोर होना और घरेलू इक्विटी बाजारों में सकारात्मक रुझान भी स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं दे पाए।



इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज में, स्थानीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.94 पर खुली और 93.86-94.08 की सीमा में कारोबार करती रही। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव से 29 पैसे गिरकर 94.05 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुई। मंगलवार (24 मार्च) को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे गिरकर 93.76 पर बंद हुआ था।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स LLP के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, ₹बाजार 'रिस्क-ऑन' मोड में थे, लेकिन इसके बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपये की बिकवाली जारी रही। महीने के अंत की मांग के कारण बोलियां ऊंची बनी रहीं, भले ही शेयर बाजार ऊपर जा रहे थे और डॉलर इंडेक्स नीचे आ रहा था। डॉलर के मुकाबले सभी जोखिम वाली संपत्तियों (risk assets) में तेजी देखी गई, क्योंकि बाजारों को उम्मीद थी कि दो विरोधी देशों - अमेरिका-इजराइल और ईरान - के बीच कोई समझौता हो सकता है।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि फ्ह्कमौजूदा वित्त वर्ष में 94 के स्तर को बचाकर रखेगा और संभवतः इसे 93.30 से 92.80 के स्तर तक नीचे लाएगा।₹ उन्होंने आगे कहा कि रुपया संभवतः 93.25-94.25 की सीमा में कारोबार करेगा। डॉलर इंडेक्स, जो छह करेंसी के बास्केट के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.17% गिरकर 99.26 पर ट्रेड कर रहा था।

ब्रेंट क्रूड, जो ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क है, फ्यूचर्स ट्रेड में 4.33% गिरकर $99.97 प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था। घरेलू इक्विटी मार्केट की बात करें तो, सेंसेक्स 1,205 अंक या 1.63% बढ़कर 75,273.45 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 394.05 अंक या 1.72% बढ़कर 23,306.45 पर पहुंच गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार (24 मार्च) को नेट आधार पर ₹8,009.56 करोड़ के इक्विटी बेचे।

# सोने की कीमतों में 5,500-5,600 प्रति 10 ग्राम की भारी उछाल, चांदी भी महंगी हुई

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। बुधवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों ही बाजारों में सोने की कीमतें काफी बढ़ गई। इसकी मुख्य वजह कमजोर होता अमेरिकी डॉलर, तेल की कीमतों में नरमी और 'सेफ-हेवन' (सुरक्षित निवेश) के तौर पर सोने की बढ़ती मांग रही। बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में शुरूआती कारोबार के दौरान सोने की कीमतों में प्रति 10 ग्राम ₹5,500-₹5,600 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस उछाल ने हालिया गिरावट को पीछे छोड़ दिया और निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी का संकेत दिया।



इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने बताया कि 22-कैरेट सोने की कीमत बढ़कर लगभग ₹14,117 प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि 24-कैरेट सोना ₹14,464 पर पहुंच गया। इस तरह, एक ही दिन में सोने की कीमतों में 3% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोने के निवेशक और बुलियन बाजार के विश्लेषक राजेश्वर लोढ़ा का कहना है कि बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन सोने और चांदी ने निवेशकों को कभी निराश नहीं किया है। इसलिए, चिंता की कोई बात नहीं है। ₹यह बस एक गुजरता हुआ तूफान है, जिसमें सोना भी अपनी चमक दिखा रहा है। चांदी की कीमतों ने भी इस तेजी का साथ दिया, और ₹9,000झ्र₹12,000 प्रति किलोग्राम की भारी बढ़त दर्ज की, जो कीमती धातुओं में आई एक बड़ी तेजी को दिखाता है।

### इस तेजी के पीछे के वैश्विक कारण

सोने की कीमतों में आई इस तेजी के पीछे कई वैश्विक कारण थे। अमेरिकी डॉलर के कमजोर पड़ने से, दूसरी मुद्राओं वाले निवेशकों के लिए सोना सस्ता हो गया, जिससे इसकी मांग बढ़ गई। साथ ही, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से महंगाई की चिंताएं कम हुईं, जिससे केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की उम्मीदें भी कम हो गईं—ये ऐसी स्थितियां हैं जो आम तौर पर सोने जैसी 'बिना-ब्याज वाली' संपत्तियों के पक्ष में होती हैं। भू-राजनीतिक घटनाक्रमों ने भी इसमें भूमिका निभाई; पश्चिम एशिया में बदलते हालात ने बाजार के भरोसे को बढ़ाया, और साथ ही सोने को एक 'सुरक्षित निवेश' (hedge) के तौर पर आकर्षक बनाए रखा।

### बाजार का मिजाज और भविष्य की उम्मीदें

जानकारों का कहना है कि हालिया गिरावट के बाद, बुलियन बाजार में एक बार फिर से खरीदारी में तेजी देखने को मिल रही है; वैश्विक वित्तीय और ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता के बीच निवेशक एक बार फिर सोने की ओर लौट रहे हैं।

इस अचानक आई तेजी को, हालिया गिरावट के बाद एक 'सुधार' (correction) के तौर पर देखा जा रहा है; उम्मीद है कि मुद्राओं की चाल, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और केंद्रीय बैंकों के संकेतों के आधार पर बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**संक्षेप में कहें तो:** सोने की मांग एक बार फिर लौट आई है—और फिलहाल, एक 'सुरक्षित निवेश' के तौर पर इसकी चमक वापस आ गई है।

पिछले कुछ हफ़्तों से सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है; इस साल की शुरूआत में रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद, इसमें भारी गिरावट (correction) देखने को मिली थी। इस गिरावट का मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना और दुनिया भर में लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की चिंताएं थीं, जिससे सोने जैसी 'बिना-ब्याज वाली' संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया था। भारत में भी, त्योहारों के मौसम में होने वाली मांग में असमानता देखने को मिली है, जहां ऊंची कीमतों के चलते गहनों की खरीदारी पर असर पड़ा है। हालांकि, लगातार बनी हुई भू-राजनीतिक तनाव और महंगाई की चिंताओं ने सोने की कीमतों को एक मजबूत आधार प्रदान किया है, जिससे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बावजूद बुलियन बाजार में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 गुरूवार, 26 मार्च 2026



पेज 06 श्रीराम नवमी शोभायात्रा आजः जालंधर में रूट...

# लुधियाना-फि रोजपुर रोड पर दर्दनाक हादसा

## कार का टायर फटने से एक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मार्च। लुधियाना-फि रोजपुर रोड पर स्थित गाँव मंडियाणी के पास आज शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। चलती कार का टायर अचानक फट जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर दूसरी गाड़ी से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार मुस्लिम समुदाय के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब कार मुल्लांपुर दाखा के करीब एल-एफ (L-F) रोड से गुजर रही थी। अचानक टायर फटने की वजह से चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी दूसरी तरफ से आ रहे वाहन से टकरा गई।





### मृतक की पहचान

मृतक की पहचान शफी मोहम्मद निवासी भामियां कलां (लुधियाना) के रूप में हुई है।

### घायलों के नाम

इस दुर्घटना में शफी मोहम्मद के चार दोस्त लाल दीन, सिराजुद्दीन, देव करण और सद्दाम हुसैन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के तुरंत बाद घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल, जगरांव ले जाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिविल अस्पताल, लुधियाना रेफर कर दिया है।

# फिर काम आई मंत्री की सूझबूझ, बच गए लाखों रुपये

## री-टेंडरिंग से निगम को 33 लाख रुपये का फायदा, सग्गू चौक -हंबड़ा रोड प्रोजेक्ट में बड़ी बचत

लुधियाना, यूटर्न, 25 मार्च। नगर निगम के तहत ओपन ग्रेड प्रीमिक्स कार्पेट (ओजीपीसी) योजना में सग्गू चौक से हंबड़ा रोड तक बनने वाली सड़क की री-टेंडरिंग से निगम को करीब 33 लाख रुपये का फायदा हुआ है। यह फैसला रॉ मटेरियल की संभावित कमी और बढ़ती कीमतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया। जानकारी के अनुसार, पहले ठेकेदार डी.एस. (दलजीत सिंह खुर्द) केवल 0.5% कम दर (लैस) के साथ इस प्रोजेक्ट के टेंडर में बिड कर प्रबल दावेदार बने हुए थे। लेकिन गल्फ देशों के युद्ध से पैदा हुई स्थिति ने निगम प्रशासन को मंथन का समय दे दिया। स्थिति की समीक्षा के बाद कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के सुझाव पर मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने टेंडर को रीकॉल करने का निर्णय लिया। री-टेंडरिंग के बाद एनकेसी प्राइवेट





लिमिटेड ने लगभग 22% कम दर पर बोली लगाई, जिससे 1.52 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में निगम को लगभग 33 लाख रुपये की सीधी बचत हुई। सूत्रों के मुताबिक, दैनिक कार्यों के दौरान मंत्री के संज्ञान में आया कि अन्य योजनाओं जैसे केंद्र की स्पेशल असिस्टेंस एवं साक्षी स्कीम के तहत इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट और निगम में अन्य ठेके 5% से 21% तक कम दरों पर दिए जा रहे हैं। ऐसे में इस टेंडर में मात्र 0.5% की कमी उचित नहीं मानी गई। मंत्री अरोड़ा के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए मेयर ने त्वरित कार्रवाई की, जिससे निगम को आर्थिक लाभ के साथ पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई। गौरतलब है कि हाल ही में मंत्री अरोड़ा की दूरदर्शिता पर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल ने 60 से ज्यादा ठेकेदारों को बिना कमीशन के करीब 25 करोड़ रुपये की पेमेंट भी रिलीज की थी।

# न्यू यंग फाइव स्टार क्लब समाज सेवी कार्यों में अहम भूमिका निभा रहे हैः दर्शन लाल बवेजा

## रक्तदान एक सामाजिक कार्य : एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। 1989 से मानवता की सेवा को समर्पित न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल की ओर से 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में आयोजित किया जाएगा। कैंप की तैयारियां जोरों-शोरों से जारी हैं। इसे सफल बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं और लोगों को आमंत्रित करने का अभियान भी तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में रख बाग स्थित पक्षी धाम में पक्षी सेवा सोसायटी के चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा व सदस्यों को कैंप का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान राजेश जैन बॉबी की टीम ने पक्षियों की सेवा करते हुए दाना भी डाला और समाज सेवा का संदेश दिया। इस मौके पर गौतम जालंधरी, विक्की कुन्द्रा, हनी जैदका, अजय सिक्का, अशोक साई, डी.के. अरोड़ा, राकेश ननचाहल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सील तोड़ने पर बवाल: जनता के लीडर के ATP से अभद्रता पर सियासी तूफान, हाईकमान सख्त-FIR के संकेत

लुधियाना, यूटर्न, 25 मार्च। चुनावी सरगर्मियों के बीच शहर की सियासत में बुधवार को बड़ा विवाद सामने आया, जब स्थानीय जनता के एक लीडर पर नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार और सरकारी कार्रवाई में दखल देने के आरोप लगे।

सूत्रों के अनुसार, इलाके में एक अवैध निर्माण को सील किए जाने पर उक्त जनता के लीडर कथित रूप से भड़क उठे। आरोप है कि उन्होंने न केवल मौके पर पहुंचकर सील तोड़ दी, बल्कि ड्यूटी पर तैनात एटीपी अधिकारी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस घटनाक्रम से निगम अधिकारियों में रोष फैल गया और इसे सरकारी काम में सीधा हस्तक्षेप माना जा रहा है। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों और मंत्री स्तर तक पहुंचने के बाद सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। चर्चा है कि एटीपी ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत हाईकमान को भेज दी है। सूत्रों के मुताबिक, प्रशासनिक अधिकारियों के





मनोबल को बनाए रखने के लिए पार्टी नेतृत्व इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी राजनेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने पर विचार कर रहा है। दिलचस्प यह है कि जनता के संबंधित लीडर फिलहाल किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं, ऐसे में उन्होंने किस बाहुबली की शह पर ऐसे कदमों को अंजाम दिया, जनता के इस लीडर पर कई सवाल उठ रहे हैं। वहीं, देर शाम मामला बढ़ता देख सुलह के प्रयासों की भी चर्चा रही। अब नजरें गुरुवार के घटनाक्रम पर टिकी हैं।

# करनाल में गौवंश हत्या मामला: तीन आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार



हरियाणा/यूटर्न/25 मार्च। करनाल के इंद्री क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से गौवंश की हत्या और उनके अवशेष मिलने की घटनाओं ने पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना दिया था। लगातार तीन दिनों तक ऐसी घटनाओं के सामने आने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी और स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई थी। इस बीच जन आक्रोश और चेतावनी के चलते गौ रक्षा दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए दो दिन का अल्टीमेटम भी दिया। माहौल गुस्से और तनाव से भरा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए करनाल पुलिस की सीआईए-1 शाखा ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूत्रों की मदद से पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आजम, नवाब और शहजाद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नवाब और शहजाद सगे भाई हैं। जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी रास्ते से गौवंश उठाकर उनकी हत्या करते थे, अंग नहर में फेंकते थे और मांस को बेचकर अवैध कमाई करते थे। सीआईए-1 शाखा के प्रभारी संदीप के अनुसार, तीनों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच के दौरान यह संकेत भी मिले हैं कि इस पूरे नेटवर्क के तार पानीपत से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है और यह नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। इस कार्रवाई के बाद लोगों में कुछ राहत की भावना है, लेकिन पूरे मामले की गहराई से जांच जारी है। आने वाले दिनों में इस रैकेट से जुड़े और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# एस.एस. खुराना परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन





लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। चैत्र नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में जगराओं पुल स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। अंसल एस्टेट व अंसल वेल्थ एडवाइजर्स के एस.एस. खुराना एवं ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ कथा का विश्राम हुआ।वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्रीमद् जगद्गुरु वेणुगोपाल शरण महाराज ने कथा के मुख्य यजमान एस.एस. खुराना परिवार का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य ज्योति है। इस कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के पापों का नाश होता है और उसे प्रभु भक्ति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, उसके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि स्वतः ही आ जाती है।

महाराज जी ने कामना की कि श्री ठाकुर जी की कृपा सदा खुराना परिवार पर बनी रहे और वे इसी प्रकार धर्म सेवा एवं कथा आयोजन करते रहें।इस अवसर पर मुख्य यजमान एस.एस. खुराना ने कहा कि यह सब प्रभु की असीम कृपा और गुरुजनों के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन उनके लिए सौभाग्य की बात है और भविष्य में भी वे इसी तरह धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज सेवा करते रहेंगे। खुराना जी ने कथा व्यास महाराज जी, मंदिर ट्रस्ट, सहयोगी सदस्यों एवं सभी श्रद्धालुओं का हृदय से धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

# पंजाब सरकार ने डिफॉल्टर राइस मिलर्स के लिए ओटीएस 2025 योजना शुरू की

ONE-TIME SETTLEMENT SCHEME

लुधियाना, यूटर्न, 25 मार्च। पंजाब सरकार ने डिफॉल्टर राइस मिलर्स से बकाया वसूली और राज्य में उद्योग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना 2025 शुरू की है। इस योजना के तहत लुधियाना पश्चिम जिले में पनग्रेन एजेंसी के राइस मिलर राकेश कांसल ने अपनी मिल 'श्री गणपति राइस एंड जनरल मिल, रायकोट' से संबंधित वर्ष 2010-11 के खातों का निपटारा कर लिया है। जिला प्रबंधक पनग्रेन-कम-जिला नियंत्रक, खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले सरताज सिंह चीमा ने बताया कि विभाग और मिलर के बीच पिछले 15 वर्षों से अदालत में मामला लंबित था। ओटीएस 2025 योजना के तहत मिलर द्वारा आवश्यक बकाया राशि सरकारी खाते में जमा करवाने के बाद उन्हें 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' जारी किया गया। उन्होंने कहा कि यह योजना मिलर्स के लिए सरल, पारदर्शी और पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया पर आधारित है। इच्छुक मिलर्स विभाग की आधिकारिक वेबसाइट anaajkharid.in या संबंधित जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं। राकेश कांसल ने इस योजना को बेहद लाभकारी बताते हुए कहा कि लंबे समय से चल रहे मुकदमे के कारण उनका कारोबार प्रभावित हो रहा था। उन्होंने इस पहल के लिए पंजाब सरकार का आभार जताया।

# तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मृतक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी



मोहाली/यूटर्न/25 मार्च। मोहाली के सेक्टर-81 में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार थार गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मृतक रोहित, 25 वर्ष निवासी खरड़, मोहाली के सेक्टर-82 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। हादसा उस समय हुआ जब रोहित रात की नाइट ड्यूटी पर जा रहा था। जानकारी के अनुसार, रोहित जैसे ही सेक्टर-81 पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की थार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोहित सड़क पर गिर गया और सिर में गंभीर चोट लग गई। पास में मौजूद लोगों ने तुरंत उसे मोहाली के फेज-6 स्थित अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुहाना थाना पुलिस ने मामले में थार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी अमरनाथ ने बताया कि वाहन पंजाब नंबर का है और उनका विवरण उनके पास है। हालांकि, घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने थार वाहन को कब्जे में ले लिया है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस हादसे ने मोहाली में सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और स्थानीय लोग हादसे की गंभीरता पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

# गुरसेवक सिंह बने शिरोमणि अकाली दल शहरी के प्रधान



हरियाणा/यूटर्न/25 मार्च। करनाल के इंद्री क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से गौवंश की हत्या और उनके अवशेष मिलने की घटनाओं ने पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना दिया था। लगातार तीन दिनों तक ऐसी घटनाओं के सामने आने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी और स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई थी। इस बीच जन आक्रोश और चेतावनी के चलते गौ रक्षा दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए दो दिन का अल्टीमेटम भी दिया। माहौल गुस्से और तनाव से भरा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए करनाल पुलिस की सीआईए-1 शाखा ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूत्रों की मदद से पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आजम, नवाब और शहजाद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नवाब और शहजाद सगे भाई हैं। जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी रास्ते से गौवंश उठाकर उनकी हत्या करते थे, अंग नहर में फेंकते थे और मांस को बेचकर अवैध कमाई करते थे। सीआईए-1 शाखा के प्रभारी संदीप के अनुसार, तीनों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच के दौरान यह संकेत भी मिले हैं कि इस पूरे नेटवर्क के तार पानीपत से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है और यह नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। इस कार्रवाई के बाद लोगों में कुछ राहत की भावना है, लेकिन पूरे मामले की गहराई से जांच जारी है। आने वाले दिनों में इस रैकेट से जुड़े और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

चंड़ीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 गुरुवार, 26 मार्च 2026



पेज 12 अमलाला में अवैध माइनिंग के खिलाफ भड़का ...

# चंडीगढ़ में प्रॉपर्टी खरीदना होगा महंगा, कलेक्टर रेट में 10 से 22% तक बढ़ोतरी 1 अप्रैल से लागू

**चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। शहर में प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए बड़ी खबर है। प्रशासन ने नए कलेक्टर रेट लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है, जो 1 अप्रैल से प्रभावी होगी। नए रेट लागू होने के साथ ही जमीन और संपत्ति की रजिस्ट्री, स्टांप ड्यूटी और अन्य शुल्कों में सीधा इजाफा होगा। प्रशासन द्वारा जारी संशोधित दरों के अनुसार रिहायशी, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और कृषि भूमि के कलेक्टर रेट में 10 से 22 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। इसका असर शहर के लगभग सभी सेक्टरों और प्रमुख बाजारों में देखने को मिलेगा।**



## रिहायशी सेक्टरों में बड़ा उछाल

शहर के पॉश सेक्टर-1 से 12 में रिहायशी जमीन का कलेक्टर रेट अब 2,37,900 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया गया है, जो पहले 1,78,600 रुपये था। सेक्टर-14 से 37 के लिए यह दर 1,81,300 रुपये प्रति वर्ग गज तय की गई है, जबकि सेक्टर-38 और उससे आगे के इलाकों में 1,33,200 रुपये प्रति वर्ग गज नया रेट लागू होगा।

## हाउसिंग बोर्ड और फ्लैट्स भी महंगे

हाउसिंग बोर्ड फ्लैट्स के लिए भी नई दरें तय की गई हैं। ग्राउंड फ्लोर के लिए 11,000 रुपये प्रति वर्ग फुट, पहली मंजिल के लिए 9,000 रुपये, दूसरी मंजिल के लिए 8,000 रुपये और तीसरी मंजिल व उससे ऊपर के लिए 7,200 रुपये प्रति वर्ग फुट निर्धारित किए गए हैं। इंडिपेंडेंट मकानों और इंडस्ट्रियल हाउस की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है।

## कमर्शियल प्रॉपर्टी में भी उछाल

शहर के प्रमुख बाजारों—सेक्टर-17, 8, 15, 19, 22, 34 और 35—में बूथ के कलेक्टर रेट बढ़कर 5,92,200 रुपये प्रति वर्ग गज तक पहुंच गए हैं। वहीं मनीमाजरा मोटर मार्केट में 2,33,500 रुपये और शिवालिक एन्क्लेव में 4,10,200 रुपये प्रति वर्ग गज रेट तय किया गया है। अन्य कमर्शियल इलाकों में भी दरों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## इंडस्ट्रियल और अन्य क्षेत्रों में बदलाव

इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और 2 में कलेक्टर रेट बढ़ाकर 86,000 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया गया है, जबकि फेज-3 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कोल डिपो, टिंबर मार्केट और ट्रांसपोर्ट एरिया के लिए 97,300 रुपये प्रति वर्ग गज दर तय की गई है।

## अतिरिक्त शुल्क भी बढ़े

नए नियमों के तहत कॉर्नर प्लॉट पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। वहीं रिहायशी प्रॉपर्टी को नर्सिंग होम या अस्पताल में बदलने पर 25 से 31.25 प्रतिशत तक अतिरिक्त चार्ज लगाया जाएगा।

## राजस्व बढ़ाने पर जोर

प्रशासन का मानना है कि नए कलेक्टर रेट लागू होने से राजस्व में वृद्धि होगी। हालांकि व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों का कहना है कि पहले ही रेट काफी अधिक हैं और अब इन्हें लंबे समय तक स्थिर रखा जाना चाहिए।

नई दरों के लागू होने से प्रॉपर्टी बाजार में कीमतों में और उछाल आने की संभावना है, जिससे खरीदारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

# पंजाब-चंडीगढ़ में मौसम में बदलाव, 8 जिलों में बारिश का अनुमान

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। पंजाब और चंडीगढ़ में बुधवार शाम से मौसम में बदलाव आने वाला है। राजस्थान और हरियाणा से जुड़े कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को पूरे दिन आंधी और तेज हवाओं का यलो अलर्ट जारी रहेगा।



पिछले 24 घंटे में राज्य का अधिकतम तापमान सामान्य के करीब पहुंच गया है। गुरदासपुर में सबसे अधिक 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। अन्य शहरों में तापमान चंडीगढ़ 29.4, अमृतसर 28.1, लुधियाना 29.6, पटियाला 30.2, फरीदकोट 30.0, फाजिल्का 30.6 और फिरोजपुर 30.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पूरे राज्य में गर्मी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, एक नया पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ रहा है, जिसके कारण आज शाम से पठानकोट, फाजिल्का, मुक्तसर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, बठिंडा और मानसा में बारिश की संभावना है। मौसम में बदलाव अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। 26 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा और 28 मार्च की रात से दूसरा सिस्टम भी सक्रिय होने से बारिश, तेज हवाओं और कहीं-कहीं बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के डायरेक्टर सुरिंदर पाल ने बताया कि 25, 26 और 28 मार्च को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री बढ़ोतरी और उसके बाद गिरावट आ सकती है। कुल मिलाकर राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम अस्थिर रहेगा।

# बुप्रेनोरफिन नीति पर हाई कोर्ट की सख्ती, पंजाब सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। नशा मुक्ति केंद्रों में दी जाने वाली दवा बुप्रेनोरफिन के वितरण को लेकर पंजाब सरकार की नीति पर **Punjab and Haryana High Court** ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार से कई अहम सवाल पूछते हुए तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि नीति की समीक्षा जारी है और जल्द ही संशोधित जवाब पेश किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह मामला सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं से अलग है और ओपिऑइड पर निर्भर मरीजों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली संवेदनशील दवा से जुड़ा है।




अदालत में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि पंजाब के सरकारी डि-एडिक्शन केंद्रों में हरियाणा और अन्य राज्यों के मरीजों को दवा देने पर रोक क्यों लगाई गई है। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि यदि इन केंद्रों को अस्पताल की श्रेणी में माना जाए, तो बाहरी मरीजों को उपचार से वंचित करना क्या उनके जीवन के अधिकार का उल्लंघन नहीं होगा। सरकार ने अपने पक्ष में दलील दी कि बुप्रेनोरफिन अत्यधिक संवेदनशील दवा है, जिसके दुरुपयोग की संभावना रहती है। पूर्व में आधार आधारित सत्यापन में गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद अब बायोमेट्रिक और वेबकैम आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। सरकार का कहना है कि अन्य राज्यों के मरीज दवा लेकर वापस चले जाते हैं, जिससे उनकी निगरानी करना मुश्किल हो जाता है।

वहीं याचिकाकताओं ने नई नीति को भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि अब सरकारी केंद्रों में भी केवल पंजाब के निवासियों को ही दवा देने का प्रावधान किया गया है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को उपचार से वंचित होना पड़ सकता है। सुनवाई के दौरान अदालत ने वर्ष 2021 में गठित समिति की सिफारिशों पर भी सवाल उठाए और पूछा कि उन पर अब तक क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने पाया कि इस संबंध में राज्य सरकार के पिछले हलफनामे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी।

इसके अलावा, इस मुद्दे से जुड़ी विभिन्न जनहित याचिकाओं जहां एक पक्ष निजी मनोचिकित्सकों द्वारा दवा वितरण का विरोध कर रहा है और दूसरा पक्ष इसकी अनुमति की मांग कर रहा है को भी एक साथ सुनने का निर्णय लिया गया है। हाई कोर्ट ने सभी मामलों को तीन सप्ताह बाद पुनः सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए राज्य सरकार को स्पष्ट और विस्तृत जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

# रैपर बादशाह और एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की चर्चा तेज, सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तस्वीरें

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री और म्यूजिक जगत में इन दिनों एक खास खबर चर्चा का विषय बनी हुई है। मशहूर रैपर बादशाह और पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर अटकलें तेज हो गई हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में दोनों को दूल्हा-दुल्हन के रूप में देखा जा रहा है, जिसके बाद फैंस के बीच यह खबर तेजी से फैल रही है। सामने आई तस्वीरों में ईशा रिखी लाल रंग के ब्राइडल लहंगे में नजर आ रही हैं, जबकि बादशाह ग्रे रंग के कुर्ते में दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह समारोह निजी माहौल में, संभवतः घर पर ही संपन्न हुआ है। दोनों पिछले करीब चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इससे पहले बादशाह अपनी पहली शादी को लेकर भी चर्चा में रह चुके हैं, जो कुछ साल पहले खत्म हो गई थी। ईशा रिखी ने अपने करियर की शुरूआत पंजाबी फिल्म जाट बॉयज पुत्त जट्टान दे से की थी। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड फिल्म नवाबजादे में वरुण धवन, राघव जुयाल और पुनीत पाठक के साथ काम किया। हाल ही में ईशा रिखी को करण औजला के एक कॉन्सर्ट में भी देखा गया था, जहां वह परिवार के सदस्यों के साथ नजर आईं। बताया जाता है कि उनका औजला परिवार के साथ करीबी संबंध है। हालांकि, इस शादी को लेकर अभी तक बादशाह या ईशा रिखी की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में फैंस इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।



Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 6



# श्रीराम नवमी शोभायात्रा आज: जालंधर में रूट डायवर्जन, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी



जालंधर/यूटर्न/25 मार्च। जालंधर में आज 25 मार्च को श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी शहर की धार्मिक संस्थाओं द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे श्री देवी तालाब मंदिर से शुरू होकर शहर के 11 प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देर शाम मंदिर में ही संपन्न होगी। नवरात्र के अवसर पर मंदिर में 24 मार्च से श्री रामचरितमानस पाठ चल रहा है, जिसका आज भोग डाला जाएगा और इसके बाद संत सम्मेलन आयोजित होगा। इसके उपरांत शोभायात्रा रवाना की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, इस यात्रा में पंजाब के साथ-साथ राजस्थान से आई बैंड पार्टियां और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यात्रा श्री देवी तालाब मंदिर से शुरू होकर अड्डा होशियारपुर चौक, लव कुश चौक (मिलाप चौक), श्री वाल्मीकि चौक (ज्योति चौक), बस्ती अड्डा चौक और पटेल चौक से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई है। शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक रूट डायवर्जन लागू किया है, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# चैत्र नवरात्रों पर मां भगवती डिस्पेंसरी में भक्ति और सेवा का संगम, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। चैत्र नवरात्रों के पावन अवसर पर मनीमाजरा स्थित मां भगवती डिस्पेंसरी (संतोषी माता मंदिर) में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम और विशाल लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन डिस्पेंसरी की मुख्य सेवादार डॉ. अंशु बंसल और करण बंसल द्वारा अपने परिवार सहित किया गया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद लंगर की शुरूआत करवाई। इस आयोजन में माता मंसा देवी ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा, जिनकी देखरेख में लंगर की व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भजनों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बड़े उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया। लंगर का आयोजन माता अन्नपूर्णा और संतोषी माता मंदिर परिसर में किया गया, जहां सेवा भाव से लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर शहर की कई गणमान्य हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिनमें संतोषी माता मंदिर के महंत एवं समाजसेवी रामेश्वर गिरी, ऑल मनीमाजरा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एस.एस. परवाना, चेयरमैन सुभाष धीमान और मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय शामिल रहे। सभी अतिथियों और सेवादारों ने लंगर वितरण में सहयोग करते हुए सेवा भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. अंशु बंसल और करण बंसल ने कहा कि माता रानी की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से ही मानव सेवा का यह कार्य संभव हो पाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## निर्दयता और समाज में मानवीयता की कमी

आज के आधुनिक युग में समाज तकनीकी रूप से जितना आगे बढ़ रहा है, उतना ही मानवीय मूल्यों से दूर होता जा रहा है। इंसान मशीनों की तरह कार्य करने लगा है, जहाँ भावनाओं और संवेदनाओं के लिए कोई स्थान नहीं बचा। सड़क पर घायलव्यक्ति की मदद करने के बजाय लोग उसका वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं, लेकिन कोई उसे अस्पताल तक पहुँचाने की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। मानवता का यह पतन चिंता का विषय है। वृद्ध माता-पिता को बोझ समझा जाता है, निर्धनों और जरूरतमंदों की अनदेखी की जाती है, और दूसरों की पीड़ा पर संवेदना प्रकट करने के बजाय लोग मजाक उड़ाते हैं। यह निर्दयता समाज को भीतर से खोखला कर रही है। हमारा धर्म, संस्कृति और परंपराएँ करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की शिक्षा देती हैं, लेकिन आज का समाज इन सिद्धांतों को भूलता जा रहा है। युवा पीढ़ी ऐसे अंधेरे में खुद को धकेल रही हैं जो वैब सिरिज की राहसिखता है जो सिरे से अराजकता, झूठ, मक्कारी और मार काट सिखाता है। जिसमें मानवता का दूर दूर तक कोई लेना देना ही नहीं है। यदि हम समय रहते नहीं जागे, तो यह हृदयहीनता हमारे समाज को अंधकार की ओर ले जाएगी। समाज में फिर से इंसानियत की लौ जलाने की आवश्यकता है, जहाँ हर व्यक्ति दूसरे के दर्द को समझे और मदद के लिए आगे आए। यही सच्चा विकास है।

# सातवें नवरात्र पर ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला व कालका के प्रमुख मंदिरों में किए दर्शन, भजन संध्या में भी हुए शामिल

पुनीत महाजन





पंचकूला/यूटर्न/25 मार्च। चैत्र नवरात्रों के सातवें दिन हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर, कालका के प्राचीन मां काली मंदिर और चंडीमंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने हवन में भाग लिया और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि, शांति तथा जनकल्याण की कामना की। मंगलवार शाम को गुप्ता माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा आयोजित भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने माता रानी के भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि मां काली शक्ति, साहस और धर्म की प्रतीक हैं, जो अपने भक्तों को हर संकट से उबारकर सही मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व आत्मशक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। इसके बाद उन्होंने चंडीमंदिर में भी मां चंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ श्राइन बोर्ड के सचिव पृथ्वीराज, सदस्य डॉ. पुनीत बेदी, पूर्व मानद महासचिव रंजीता मेहता, भाजपा महामंत्री भुवनजीत और वरिष्ठ नेता विजय कालिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**RERA में शिकायत कैसे करें?**

रियल एस्टेट क्षेत्र में खरीदारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए RERA (Real Estate Regulatory Authority) की स्थापना की गई है। यदि बिल्डर परियोजना में देरी करे, वादे के अनुसार सुविधाएँ न दे या अनुचित शर्तें लागू करे, तो खरीदार RERA में शिकायत कर सकता है।

RERA में शिकायत आमतौर पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। इसमें परियोजना का विवरण, समझौते की शर्तें और शिकायत के आधार स्पष्ट रूप से बताने होते हैं।

RERA प्राधिकरण शिकायत की जाँच करता है और आवश्यक होने पर बिल्डर को निर्देश दे सकता है — जैसे परियोजना पूरी करना, राशि वापस करना या अन्य राहत देना। इस व्यवस्था का उद्देश्य खरीदार और बिल्डर के बीच संतुलन बनाए रखना है और परियोजनाओं में पारदर्शिता लाना है।

निष्कर्ष: RERA घर खरीदारों के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी मंच है। सही जानकारी और समय पर शिकायत से कई समस्याओं का समाधान संभव है।

# शबरी की भक्ति से भावुक हुए श्रद्धालु, भगवान श्री राम ने दिया समरसता का संदेश





पटियाला/यूटर्न/25 मार्च। पटियाला में आयोजित सप्त दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। जब भगवान श्री राम द्वारा शबरी के जूठे बेर प्रेमपूर्वक स्वीकार करने का प्रसंग सुनाया गया, तो श्रद्धालु भावुक हो उठे। श्री सनातन धर्म सभा (पंजीकृत) के तत्वावधान में एस.डी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस कथा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। सभा के प्रधान लाल चंद जिंदल ने कहा कि यह प्रसंग समाज में समरसता, प्रेम और भेदभाव मिटाने का सशक्त संदेश देता है। कथा व्यास संजीव गुरु जी महाराज ने 'सीता हरण' से कथा का आरंभ करते हुए शबरी की वर्षों की प्रतीक्षा और उनकी निष्कलंक भक्ति का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रभु केवल सच्चे भाव के भूखे होते हैं, न कि बाहरी आडंबर के। कथा के दौरान हनुमान जी द्वारा लंका दहन का रोमांचक प्रसंग भी सुनाया गया, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भजनों और मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने भक्ति में डूबकर प्रभु चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती के साथ हुआ।

Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 7



# लुधियाना में फीस बढ़ोत्तरी पर अभिभावक-संस्थाओं ने डीसी से की मुलाकात, आंदोलन की चेतावनी

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना के निजी स्कूलों द्वारा री-एडमिशन और डेवलपमेंट चार्ज के नाम पर की जा रही कथित अवैध वसूली के खिलाफ समाजसेवी संस्थाएं और अभिभावक लामबंद हो गए हैं। बुधवार को विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स पहुंचे और डिप्टी कमिश्नर (DC) को लिखित शिकायत सौंपकर स्कूलों की कार्यप्रणाली पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों और संस्थाओं का आरोप है कि स्कूल बिना किसी ठोस कारण के भारी-भरकम फीस वसूल रहे हैं, जिससे मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। शिकायत में कहा गया कि पुरानी क्लास से नई क्लास में जाने पर जबरन री-एडमिशन फीस वसूली जा रही है और विकास के नाम पर लिए गए फंड का कोई स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जा रहा। साथ



ही, RTE 2009 की धारा 12(1)(c) के तहत 25% सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का पालन भी नहीं हो रहा। डिप्टी कमिश्नर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए और अभिभावकों व बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध शुल्कों पर रोक नहीं लगी तो विरोध को बड़े जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

# लुधियाना में एएसआई-होमगार्ड रिश्वत लेते वीडियो वायरल, ड्राइवरों से एंट्री फीस वसूली

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना जिले में देहात पुलिस ने रायकोट-बरनाला चौक पर वाहन चालकों से पैसे मांगने के आरोप में एक एएसआई और एक होमगार्ड को लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद की गई, जिसमें दोनों पुलिसकर्मी नाका लगाकर वाहन चालकों से ह्यएंट्री फीसह्न वसूलते दिख रहे थे। वीडियो के अनुसार, एएसआई सिकंदर सिंह और होमगार्ड जसवीर सिंह वाहनों की चेकिंग के बहाने ड्राइवरों से एक हजार रुपये की



मांग कर रहे थे और पैसे न देने पर 20 हजार रुपए का चालान काटने की धमकी दे रहे थे। वीडियो में यह भी बताया गया कि कोई वाहन चालक पैसे देने से इनकार करता, तो उस पर चालान काटने का दबाव बनाया जाता, ताकि वह डर के कारण पैसे देने को मजबूर हो जाए। वीडियो वायरल होते ही एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने मामले का संज्ञान लिया और दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। डीएसपी हैडक्वार्टर गोपाल किशन ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए नाका लगाया था, लेकिन पैसे लेने के आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ स्पष्ट संदेश देने के तौर पर लिया गया है।

# महिलाओं को कौशल आधारित कोर्सों के माध्यम से स्वरोजगार के योग्य बनाना प्रशंसनीय कार्य : तीर्थ सिंह

शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/25 मार्च। सर्व नौजवान सभा रजि. फगवाड़ा द्वारा सोसवा पंजाब के सहयोग से स्कीम नंबर 3, होशियारपुर रोड फगवाड़ा में चलाए जा रहे वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का आज प्रसिद्ध समाज सेवक एवं एन.आर.आई. तीर्थ सिंह यू.एस.ए. द्वारा दौरा किया गया। उन्होंने सभा द्वारा महिलाओं को करवाए जा रहे विभिन्न कौशल आधारित कोर्सों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सभा के प्रधान सुखविंदर सिंह ने तीर्थ सिंह को ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे कोर्सों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सेंटर द्वारा कटिंग-



टेलरिंग, स्किन एंड हेयर, कंप्यूटर और होम केयर जैसे कौशल आधारित कोर्स करवाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से युवाओं, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभा का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी अवसर उपलब्ध करवाना है, ताकि वे आत्म विश्वास से परिपूर्ण और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में और अधिक समाजसेवी प्रोजेक्ट तथा लोक-भलाई के कार्य शुरू करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। तीर्थ सिंह यू.एस.ए. ने प्रशिक्षण ले रही लड़कियों से बातचीत करते हुए उनके प्रशिक्षण के प्रति उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे ट्रेनिंग सेंटर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि यह युवाओं को कुशल बनाकर रोजगार योग्य बनाते हैं। उन्होंने सभा के प्रयासों की भी भरपूर सराहना की और भविष्य में भी पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। सभा की ओर से तीर्थ सिंह यू.एस.ए. को सम्मानित भी किया गया। अंत में तीर्थ सिंह यू.एस.ए. का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए सभा के महासचिव डा. विजय कुमार ने कहा कि ऐसे समाज सेवकों के प्रोत्साहन के बल पर सभा और अधिक उत्साह से कार्य करेगी।

# लुधियाना में आंगनवाड़ी वर्कर की बेरहमी से पिटाई: स्कूल में घुसकर किया हमला



लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना के गांव महमूदपुरा के सरकारी स्कूल में उस समय हड़कंप मच गया जब स्कूल परिसर के अंदर ही एक महिला आंगनवाड़ी वर्कर पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने न केवल स्कूल में घुसकर मारपीट की, बल्कि महिला को जबरन दूसरे गांव ले जाकर भी प्रताड़ित किया। पीड़ित महिला कुलविंदर कौर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव महमूदपुरा के सरकारी स्कूल में बतौर आंगनवाड़ी टीचर कार्यरत हैं। 19 मार्च की सुबह करीब 10:15 बजे जब वह स्कूल में अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। तभी गांव के ही रहने वाले आरोपी गुरजोत सिंह और सुखविंदर कौर स्कूल में घुस आए। बिना किसी बात के आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक, मारपीट के दौरान आरोपी ने उसके द्वारा दिए गए सोने के गहनों के बारे में पूछने लगा। जब पीड़िता ने बताया कि गहने उसकी बहन के पास गांव खानपुर में रखे हुए हैं तो आरोपी उसे जबरन पकड़ कर गांव खानपुर ले गया। वहां भी आरोपियों ने महिला की जमकर पिटाई की और उसे जान से मारने की धमकी दी। लुधियाना पुलिस ने कुलविंदर कौर के बयानों के आधार पर गुरजोत सिंह और सुखविंदर कौर के खिलाफ इठर की धारा 115(2), 126(2), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी का कहना है एक महिला कर्मचारी पर ड्यूटी के दौरान हमला करना गंभीर अपराध है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# लुधियाना फैक्ट्री में मजदूर की मौत, परिजन बोले प्रबंधन ने अस्पताल नहीं भेजा

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना के फोकल पॉइंट फेज-7 स्थित एक सारिया फैक्ट्री में 53 वर्षीय मजदूर बलिस्टर माहतो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि वह चक्कर



आने के कारण जमीन पर गिर गया और करीब तीन घंटे तक फैक्ट्री में पड़ा रहा। बाद में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलिस्टर माहतो मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे और गोविंदगढ़ नगर में अकेले रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी उषा देवी और पांच बच्चे हैं। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकती थी। मृतक की पत्नी उषा देवी की शिकायत पर पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब फैक्ट्री प्रबंधन की भूमिका और सुरक्षा नियमों के पालन की जांच कर रही है। इस घटना ने मजदूरों की सुरक्षा और फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चंडीगढ़ भर्ती प्रक्रिया पर संसद में सवाल, आउटसोर्सिंग सिस्टम की पारदर्शिता पर उठे मुद्दे

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। चंडीगढ़ में सरकारी भर्तियों और आउटसोर्स नियुक्तियों की प्रक्रिया को लेकर मामला अब संसद तक पहुंच गया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में इस विषय को उठाते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। सांसद तिवारी ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से सवाल किया कि पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान चंडीगढ़ रोजगार एक्सचेंज में कितने उम्मीदवार पंजीकृत हुए और उनमें से कितनों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दी गई। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि अस्थायी, कॉन्ट्रैक्ट और आउटसोर्स आधार पर भर्ती के लिए पंजीकृत



उम्मीदवारों को किस प्रकार अवसर दिए जाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह मुद्दा उठाया कि क्या चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा ऐसा कोई नियम लागू किया गया है, जिसके तहत 20 से 25 प्रतिशत आउटसोर्स भर्तियां रोजगार एक्सचेंज के माध्यम से करना अनिवार्य हो। इस पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री Shobha Karandlaje ने जवाब देते हुए पिछले वर्षों के पंजीकृत उम्मीदवारों का डेटा प्रस्तुत किया। हालांकि आउटसोर्सिंग एजेंसियों की निगरानी और पारदर्शिता से जुड़े सवालों पर विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि संबंधित विभाग अनुबंध और तय दिशा-निर्देशों के अनुसार एजेंसियों के कामकाज की निगरानी करते हैं। लेकिन इस जवाब से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर उठे सवाल पूरी तरह शांत नहीं हुए हैं। इस मुद्दे के संसद में उठने के बाद अब चंडीगढ़ की भर्ती प्रक्रिया और आउटसोर्सिंग सिस्टम पर बहस तेज होने की संभावना है।

# मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स डुप्लेक्स में 30 लाख के पेवर ब्लॉक कार्य का शुभारंभ

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स डुप्लेक्स क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए करीब 30 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य का उद्घाटन पूर्व मेयर एवं क्षेत्रीय पार्षद Sarabjit Kaur Dhillon और पूर्व डिप्टी मेयर Jagat Singh Jagga ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पार्षद का आभार जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग थी, जो अब पूरी हो रही है। उन्होंने बताया कि डुप्लेक्स क्षेत्र के अधिकांश विकास कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं और शेष कार्यों की जानकारी भी पार्षद को दे दी गई है।



पार्षद सरबजीत कौर ढिल्लों ने आश्वासन दिया कि बाकी बचे कार्यों को भी जल्द प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और कोई भी विकास कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा नगर निगम चंडीगढ़ के अधिकारी, जिनमें एसडीओ, जेई और अन्य कर्मचारी शामिल थे, भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्य की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद पुराने और क्षतिग्रस्त पेवर ब्लॉक्स को हटाने का काम शुरू कर दिया गया। नए पेवर ब्लॉक्स लगाए जाने के बाद क्षेत्र की सूरत बदलने के साथ ही लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पार्षद का धन्यवाद किया।

# चंडीगढ़ में ई-रिक्शा चोरी गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार, दो वाहन बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में लगातार हो रही ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के दिशा-निर्देश और निगरानी में, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका, एसडीपीओ सेंट्रल दलबीर सिंह तथा थाना सरंगपुर के एसएचओ मिनी भारद्वाज के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार, यह मामला ई-एफआईआर नंबर 344 दिनांक 22 मार्च 2026 के तहत थाना सरंगपुर में दर्ज किया गया




था। शिकायतकर्ता भगवत प्रसाद निवासी धनास ने बताया कि 21 मार्च की शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच मछी मार्केट, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, धनास के पास से उनका ई-रिक्शा चोरी हो गया था। जांच के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसी दिन दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण @ कालानिवासी छोटी करोर, मोहाली और राज कुमार (29 वर्ष) निवासी नया गांव, मोहाली के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद कर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर एक और चोरी किया गया ई-रिक्शा (CH01TE-4299) भी बरामद किया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी लत को पूरा करने के लिए रात के समय अलग-अलग इलाकों में खड़े वाहनों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान जगहों पर छिपाकर बाद में बेचने की योजना बनाते थे। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपियों ने शहर में और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

# सुखना लेक एयर शो को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी, 27-28 मार्च को कई मार्ग रहेंगे बंद

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल सुखना लेक पर 27 और 28 मार्च 2026 को होने वाले एयर शो के मद्देनजर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था को देखते हुए दोनों दिन सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कई प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।




## इन मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक प्रतिबंध:

- ओल्ड बैरिकेड चौक (सेक्टर 1/3/4) से उत्तर मार्ग होते हुए हीरा सिंह चौक (सेक्टर 5/6-7/8) तक
- न्यू बैरिकेड चौक (सेक्टर 3/4/9/10) से विज्ञान पथ होते हुए हीरा सिंह चौक तक
- सेंट कबीर लाइट प्वाइंट से चंडीगढ़ गोल्फ क्लब होते हुए हीरा सिंह चौक तक

इसके अलावा इन रूट्स पर पैदल आवाजाही भी सुबह 8 :00 से दोपहर 1 :00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगी।

## सिर्फ शटल बस से ही मिलेगी एंट्री

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दर्शकों को सीधे सुखना लेक जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी को निर्धारित पिकअप प्वाइंट्स पर पहुंचकर शटल बस सेवा के माध्यम से ही कार्यक्रम स्थल तक जाना होगा।

निर्धारित पिकअप प्वाइंट्स:

- रेलवे कॉलोनी ग्राउंड, मनीमाजरा
- दशहरा ग्राउंड, हाउसिंग बोर्ड के सामने, मनीमाजरा
- परेड ग्राउंड व Hotel शिवालिक व्यू के पास सेक्टर-17
- रैली ग्राउंड, सेक्टर-25
- मेला ग्राउंड (श्याम मॉल के सामने), सेक्टर-34
- काला ग्राम के सामने अप्पल सोसाइटी पार्किंग, मनीमाजरा
- द ललित चंडीगढ़ व डीटी मॉल के पास, आईटी पार्क

## मनोरंजन गतिविधियां रहेंगी बंद

एयर शो के दौरान दोनों दिन सुखना लेक पर आम जनता के लिए सभी मनोरंजन गतिविधियां बंद रहेंगी। आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी छूट प्रशासन ने बताया कि मेडिकल इमरजेंसी, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर अन्य मार्गों पर भी ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे एडवाइजरी का पालन करें और निर्धारित मार्गों व शटल सेवा का ही उपयोग करें, ताकि एयर शो के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# 30 नशीली गोलियों सहित दो बाइक सवार काबू

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न25/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जोधां की पुलिस ने दो व्यक्तियों को 30 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मामले की जानकारी देते हुए थाना जोधां के जांच अधिकारी एएसआई (अरक) काबल सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के संबंध में जोधां से नारंगवाल कलां की तरफ गश्त कर रहे थे। जब पुलिस पार्टी की गाड़ी नारंगवाल कलां की सीमा में आते सेम नाले के पुल के पास पहुंची, तो नाले की पटरी की तरफ से एक बाइक आता दिखाई दिया, जिस पर दो युवक सवार थे।

पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर जब उन्हें रोककर बाइक के हैंडल से टंगे लिफाफे की तलाशी ली, तो उसमें से 30 खुली नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को काबू कर लिया है और उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 9



# सोनिया गांधी दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती, हालत फिलहाल स्थिर



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को मंगलवार देर रात उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत के बाद नई दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उनके पेट में कोई संक्रमण है। उन्होंने कहा, डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है, उनकी हालत स्थिर है।

पिछले साल जून में, उन्हें शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया था, जब उन्होंने हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत की थी। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया था कि उस समय वह अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ राज्य के निजी दौरे पर थीं। उस समय, क्रट्टउ के डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अमन चौहान ने कहा था, ₹उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया था। उनका इढ हाई पाया गया था। वह बिल्कुल ठीक हैं। जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। इस वरिष्ठ नेता को पहले भी उनके निचले श्वसन तंत्र में फंगल संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और इसके लिए उनका इलाज भी हुआ था। सोनिया गांधी पिछले साल दिसंबर में 79 साल की हो गई और फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। फरवरी 2024 में, लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले, उन्होंने रायबरेली से फिर से चुनाव लड़ने के बजाय राज्यसभा सीट को चुना; रायबरेली सीट का वह 2004 से प्रतिनिधित्व कर रही थीं। उच्च सदन में अपने कार्यकाल से पहले, उन्होंने लोकसभा सांसद के रूप में पांच कार्यकाल पूरे किए हैं। यह हाई-प्रोफाइल सांसद अपनी पार्टी की दो बार अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। सोनिया पहली बार 1999 में अमेठी से सांसद बनीं, यह वह सीट थी जिसका प्रतिनिधित्व कभी उनके दिवंगत पति राजीव गांधी ने किया था। 2004 में वह रायबरेली चली गई और अमेठी सीट राहुल के लिए छोड़ दी। सोनिया नेहरू-गांधी परिवार की दूसरी सदस्य हैं जो राज्यसभा में पहुंची हैं। उनकी सास और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1964 से 1967 तक उच्च सदन की सदस्य थीं, जिसके बाद उन्होंने रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीता था।

# लुधियाना में ग्लाडा की बड़ी कार्रवाई: 13 अवैध इमारतें व 3 कॉलोनियां ध्वस्त




चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। मनीमाजरा के न्यू इंदिरा कॉलोनी स्थित सामुदायिक केंद्र में एक बड़े स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर नेतरम आई फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य खासकर मैकेनिकल कामगारों और स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर और ईसीजी जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट किए। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मे और दवाइयों का वितरण किया गया। त्वचा रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भी मौके पर मरीजों को परामर्श देकर उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। विशेष रूप से जालंधर से आए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. बलराज ने मरीजों की जांच कर हृदय रोग से संबंधित परामर्श और दवाइयां वितरित कीं। बड़ी संख्या में लोग हृदय जांच के लिए भी शिविर में पहुंचे। कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा अध्यक्ष संजय टंडन, भाजपा अध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अरुण सूद शामिल हुए। इनके अलावा सीनियर डिप्टी मेयर जशनमनप्रीत सिंह, जिला अध्यक्ष भूपेंदर सिंह सैनी , अंतरजोत सिंह, महेंद्र दुबे, राम शुक्ला, सोनू शर्मा, आर.डब्लू.ए इंदिरा कॉलोनी प्रधान राजीव गोडयाल , मनोज शुक्ला, विनोद शर्मा, सीमा, पोली, लाली और बानो सहित अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। शिविर के आयोजक डिप्टी मेयर चंडीगढ़ सुमन शर्मा ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर समाज के जरूरतमंद वर्ग तक बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे और बड़े शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर खासकर उन लोगों के लिए बेहद लाभकारी हैं, जो नियमित रूप से महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर पाते।

# रसोई हादसा: स्टोव फटने से युवक झुलसा



लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना के कंगनवाल इलाके में पुरानी चुंगी के पास अपने चाचा मिथुन के साथ रहते 22 वर्षीय चन्दन कुमार खाना बनाते समय स्टोव फटने से बुरी तरह झुलस गया। मंगलवार की रात घर में रसोई गैस खत्म होने के कारण उन्होंने खाना बनाने के लिए डीजल वाले स्टोव का सहारा लिया। जैसे ही स्टोव जलाकर खाना बनाना शुरू किया, कि अचानक स्टोव फट गया। पास खड़े चंदन को संभलने का मौका नहीं मिला और वह आग की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद उसके चाचा ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाकर चंदन को तुरंत ऑटो से साहनेवाल के सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक सहायता देने के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बड़े निजी अस्पताल में रेफर कर दिया है। फिलहाल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# 11वीं कक्षा की छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में युवक पर मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मार्च। थाना सुधार की पुलिस ने 11वीं कक्षा की एक स्कूली छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा लड़की की तलाश और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अमृतपाल सिंह ने बताया कि पुलिस के पास दर्ज करवाए गए बयानों में पीड़ित लड़की के पिता ने बताया है कि वह मूल रूप से गांव डिकाना, थाना बड़ौत, जिला बागपत (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है और पिछले करीब 10 सालों से अपने परिवार सहित गांव राजोआणा कलां में गोपी के भट्ठे पर काम करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी बेटी सरकारी स्कूल बरमी में 11वीं कक्षा में पढ़ती है। दिनांक 24 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे वह घर से स्कूल के लिए गई थी। स्कूल से साढ़े तीन बजे छुट्टी होने के बाद जब वह देर शाम तक घर वापस नहीं आई, तो परिवार ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उन्हें पता चला कि राजा पुत्र विजय कुमार (निवासी बिहार), जो वर्तमान में राजोआणा कलां में भट्ठे के नजदीक ही रहता है, उनकी लड़की को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। पुलिस ने पिता के बयानों के आधार पर उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई और लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

# इंदिरा कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों लोगों को मिला इलाज; आंखों की जांच, चश्मे और दवाइयां वितरित



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। मनीमाजरा के न्यू इंदिरा कॉलोनी स्थित सामुदायिक केंद्र में एक बड़े स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर नेतरम आई फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य खासकर मैकेनिकल कामगारों और स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर और ईसीजी जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट किए। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मे और दवाइयों का वितरण किया गया। त्वचा रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भी मौके पर मरीजों को परामर्श देकर उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। विशेष रूप से जालंधर से आए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. बलराज ने मरीजों की जांच कर हृदय रोग से संबंधित परामर्श और दवाइयां वितरित कीं। बड़ी संख्या में लोग हृदय जांच के लिए भी शिविर में पहुंचे। कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा अध्यक्ष संजय टंडन , भाजपा अध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अरुण सूद शामिल हुए। इनके अलावा सीनियर डिप्टी मेयर जशनमनप्रीत सिंह, जिला अध्यक्ष भूपेंदर सिंह सैनी , अंतरजोत सिंह, महेंद्र दुबे, राम शुक्ला, सोनू शर्मा, आर.डब्लू.ए इंदिरा कॉलोनी प्रधान राजीव गोडयाल , मनोज शुक्ला, विनोद शर्मा, सीमा, पोली, लाली और बानो सहित अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 'तांत्रिक' बनकर ठगी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार


अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस के साइबर क्राइम थाना ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोशल मीडिया पर खुद को तांत्रिक/मौलवी बताकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस मामले में राजस्थान निवासी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना में केस एफआईआर नंबर 08 दिनांक 14 जनवरी को केस दर्ज किया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देकर लोगों को निजी और पारिवारिक समस्याओं का समाधान करने का



झांसा दिया। इसके बाद खुद को तांत्रिक बाबा और मौलवी बताकर फर्जी पहचान बनाई और पीड़ितों का भरोसा जीत लिया। एक महिला जो पारिवारिक समस्याओं के कारण मानसिक तनाव में थी, को आरोपियों ने अपने जाल में फंसाया। फरवरी 2024 से मई 2025 के बीच आरोपियों ने उससे कई बार पैसे ट्रांसफर करवाए और करीब 150 ग्राम सोने के आभूषण भी ले लिए। कुल ठगी की राशि लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है।

## श्री दंडी स्वामी मंदिर में नवरात्रों में श्री राम कथा का विश्राम



लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में मां के पावन नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित श्री राम कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से जारी है। इस धार्मिक आयोजन का पंडित राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा को श्रवण किया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।कथा के नौवें दिन कथा व्यास परम श्रद्धेय नरेश शर्मा जी ने अपने अमृतमय प्रवचनों के माध्यम से किष्किन्धाकाण्ड का मार्मिक वर्णन किया और इसी के साथ कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों को जीवन में भक्ति का महत्व समझाते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन का अधिक से अधिक समय हरि भक्ति और प्रभु स्मरण में लगाना चाहिए।

## शहर के राहुल फिल्म मिट्ठा जहर में लीड रोल निभाते देंगे दिखाई

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। शहर के युवा राहुल कालिया जल्द ही बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे। राहुल आने वाली पंजाबी फिल्म मिट्ठा जहर में लीड रोल निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म बनकर तैयार हो



चुकी है और रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म में लीड रोल निभाने के साथ-साथ इस फिल्म की कहानी को लिखा भी राहुल कालिया ने ही है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक बलविंदर कालिया है, जबकि को प्रोड्यूसर अनीता कालिया है। बलविंदर ने बताया कि यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिल्म का विषय कुछ हटकर है और यह फिल्म एक खास संदेश देती है कि वर्तमान माहौल में जल्द अमीर बनने के चक्कर में शार्टकट रास्ते अपनाने का अंत बुरा ही होता है। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़ के अलावा पंजाब के लुधियाना, खरड़ और फगवाड़ा में की गई है। फिल्म में अभिनेत्री रूह संघा, पूनम सूद, करम कौर सहित रंजीत रियाज, रविंद्र मंड, चमकौर एस सोहल, पाली मांगट आदि ने भी अहम रोल निभाया है। उन्होंने बताया कि राहुल इससे पहले कुछ शॉर्ट फिल्में कर चुके हैं और बड़े पर्दे पर यह उनकी पहली फिल्म है। 28 वर्षीय राहुल ने एमबीए की पढ़ाई की है और उनकी सोच यह है कि विदेश जाने की बजाय पंजाब की धरती पर ही मेहनत करके तरक्की की जाए। फिल्म का संगीत सुनील वर्मा ने दिया है। बलविंदर ने कहा कि पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में नए विषयों पर फिल्में बननी चाहिए ताकि इंडस्ट्री को ओर बल मिल सके तथा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो सके।

## लॉन्गोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में ईद-उल-फितर उत्सव धूमधाम से मनाया गया

### छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां, गणमान्य अतिथियों ने दी शुभकामनाएं

डेराबस्सी/यूटर्न/25 मार्च। डेराबस्सी स्थित लॉन्गोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में ईद-उल-फितर का पावन पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में लॉन्गोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के वाइस चेयरमैन डॉ. कपिल कत्याल, लॉन्गोवाल पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रोजी कत्याल तथा लॉन्गोवाल अकादमिक कॉलेज के प्रिंसिपल व एडमिशन डायरेक्टर डॉ. विनोद कत्याल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कॉलेज परिसर में भाईचारे, सांस्कृतिक समरसता और उत्सव की झलक साफ देखने को मिली। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम





से ईद के महत्व और संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दीं और उनकी ऊर्जावान भागीदारी व शानदार प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान लगाए गए फूड स्टॉल्स ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों ने न केवल माहौल को और भी खुशनुमा बनाया, बल्कि उत्सव की खुशी को दोगुना कर दिया।

## चोरी के ऑटो रिक्शा सहित एक व्यक्ति काबू



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मार्च। वाहन चोरों पर नकेल कसने के लिए चलाए गए अभियान के तहत थाना सिटी जगरांव की पुलिस ने एक कथित आदतन वाहन चोर को चोरी के ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी एएसआई (ASI) शमिंदरजीत सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के संबंध में मलक चौक जगरांव में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें एक मुखबिर ने गुप्त सूचना दी कि लवप्रीत सिंह उर्फ लवली पुत्र ज्ञान सिंह वासी गांव सेखूपुरा (वर्तमान निवासी गांव ढट्ठ, जिला लुधियाना), जो कि वाहन चोरी करने का आदी है, आज भी एक चोरी का बिना नंबर वाला सवारी ऑटो रिक्शा बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए अलीगढ़ पुल के पास नाकाबंदी की गई और कथित आरोपी लवप्रीत सिंह उर्फ लवली को चोरी के ऑटो रिक्शा सहित काबू कर लिया गया। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है, जिससे और भी खुलासे होने की संभावना है।

## कलेक्टर रेट बढ़ोतरी का व्यापारियों ने किया विरोध, उद्योग व्यापार मंडल ने फैसले को बताया बोझिल

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 मार्च। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा कलेक्टर रेट में की गई बढ़ोतरी का विरोध शुरू हो गया है। उद्योग व्यापार मण्डल चंडीगढ़ ने इस फैसले को व्यापारिक वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला करार दिया है।



मंडल के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि मौजूदा आर्थिक हालात में कलेक्टर रेट बढ़ाना न तो व्यावहारिक है और न ही जरूरी। उन्होंने कहा कि इस फैसले का असर केवल प्रॉपर्टी की कीमतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कन्वर्जन चार्ज और अन-अर्न्ड प्रॉफिट जैसे अन्य शुल्कों में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे व्यापारियों पर कुल वित्तीय बोझ कई गुना बढ़ जाएगा। जैन ने कहा जहां एक ओर सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं इस तरह के निर्णय व्यापार को और कठिन बना देते हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पिछले वर्ष हुई बढ़ोतरी का भी व्यापारियों ने विरोध किया था और अब तक उसे पूरी तरह स्वीकार नहीं किया गया है।

## लुधियाना में किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/25 मार्च। लुधियाना जिले के सुधार थाना क्षेत्र के गांव राजोआना कलां से 20 वर्षीय 11वीं कक्षा की छात्रा 24





फरवरी की सुबह करीब 8 बजे स्कूल के लिए घर से निकली थी। छुट्टी दोपहर करीब 3:30 बजे हो जाती है। घर वापस न लौटने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने अगवा होने की आशंका जताई है। पुलिस ने जांच के बाद एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान राजा के रूप में हुई है, जो गोपी के भट्ठे गांव राजोआना कलां का निवासी है। उस पर लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। मूल रूप से आरोपी यूपी का रहने वाला है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पूरी करने के बाद आरोपी राजा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(6) के तहत थाना सुधार में मामला दर्ज कर लिया है।

Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 11



# गोल्डन टेंपल पहुंचे भारत-UK के एयर चीफ मार्शल, परिवार सहित किए दर्शन



अमृतसर/यूटर्न/25 मार्च। अमृतसर के गोल्डन टेंपल में भारत के एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और यूनाइटेड किंगडम के एयर चीफ मार्शल हार्वे स्मिथ अपने परिवारों के साथ दर्शन करने पहुंचे। दोनों वरिष्ठ वायु सेना अधिकारियों ने गुरुघर में श्रद्धा भाव से माथा टेका और शांति तथा सेवा के इस पवित्र केंद्र की परंपराओं को करीब से समझा। गोल्डन टेंपल के सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने उनका स्वागत किया और उन्हें श्री हरमंदिर साहिब के इतिहास, इसकी स्थापना और सिख धर्म की मूल शिक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दर्शन के दौरान दोनों एयर चीफ मार्शलों ने लंगर सेवा की परंपरा की सराहना की, जिसे समानता और भाईचारे का संदेश देने वाला बताया गया। उनके परिवार के सदस्यों ने भी इस पवित्र स्थल का आध्यात्मिक माहौल अनुभव किया और इसे यादगार बताया। दर्शन के पश्चात शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) ने दोनों एयर चीफ मार्शलों को सम्मानित किया। यह सम्मान उनके पद, योगदान और भारत-वङ के बीच मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है।

# जालंधर में BSNL एक्सचेंज में लगी आग: लाखों की मशीन और उपकरण फूंके




जालंधर/यूटर्न/25 मार्च। जालंधर के नागरा रोड स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगने से लाखों रुपये के महंगे उपकरण जलकर राख हो गए। इस घटना के चलते मकसूदां, विधिपुर और लिधड़ा समेत कई इलाकों में इंटरनेट, लीज लाइन और लैंडलाइन टेलीफोन सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे परिसर को धुएं और लपटों ने घेर लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस हादसे में एक्सचेंज के अंदर लगे महंगे तकनीकी उपकरण और मशीनरी पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे विभाग को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएनएल के अधिकारी मनीष कुमार, चमकौर और प्रीत मोगल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे फैलने से रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल विभाग द्वारा सेवाओं को बहाल करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन प्रभावित क्षेत्रों में संचार व्यवस्था पूरी तरह सामान्य होने में समय लग सकता है।

# तेज रफ्तार का कहर: कार-बाइक भिड़ंत में युवती की हालत नाजुक



जालंधर/यूटर्न/25 मार्च। जालंधर के काला सिंघा रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में आल्टो कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका एक टायर निकलकर दूर जा गिरा। हादसे में कार सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तुरंत पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में थी, जिसके चलते टक्कर का प्रभाव काफी ज्यादा हुआ। बाइक से भिड़ंत के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा टकराई, जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में एक परिवार सवार था। घायल युवती के पिता ने बताया कि उनकी बेटी को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उन्हें स्वयं मामूली चोटें आई, लेकिन वे सदमे में हैं।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या किसी तकनीकी खराबी की वजह से।

# प्राचीन शक्तिपीठ श्री मनसा देवी मन्दिर में चैत्र नवरात्र मेले का शुभारंभ





शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/25 मार्च। फगवाड़ा के हदियाबाद क्षेत्र में स्थित माता मनसा देवी (ज्वाला जी) मंदिर एक प्राचीन शक्तिपीठ है। मुख्य बस स्टैंड से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस प्राचीन मन्दिर को लेकर लोक मान्यता है कि लगभग पांच सौ वर्ष पूर्व राजा अकबर का सेनापति बीरबल जब अपनी सेना के साथ युद्ध के लिये जा रहा था तो उसकी सेना इस स्थान पर कुछ समय के लिए विश्राम के लिये रुकी थी। तब सेनापति बीरबल ने युद्ध में विजय प्राप्ति हेतु मां भगवती का यहां पर आवाहन करते हुए स्वरूप की स्थापना की थी। सनातन धर्म में अनेकों देवी-देवता हैं, जिनका अपना विशेष महत्व है। इन्हीं में एक माता मनसा देवी भी हैं। जिन्हें भगवान शिव की मानस पुत्री और नागराज वासुकी की बहन के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि जो भी मां मनसा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ में श्रद्धा सहित आता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। फगवाड़ा के हदियाबाद में स्थित यह सनातन मंदिर मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर में माता शीतला देवी, भगवान श्री गणेश, भगवान शिव और देवी पार्वती की भव्य मूर्तियाँ स्थापित हैं। जिस स्थान पर वर्तमान समय में मां भगवती का शयन कक्ष स्थापित है वहां पर एक समय विशालकाय बरगद का वृक्ष हुआ करता था। जो अग्निकांड में जलकर भस्म हो गया। किंतु उसमें से अग्नि की ज्वाला मंदिर के अंदर प्रकट हुई जिसके बाद श्री स्वामी गंगानन्द पर्वत जी महाराज के द्वारा पुनः मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। वर्तमान में श्री स्वामी शंकर नाथ पर्वत चैरिटेबल एवं वेलफेयर ट्रस्ट नकोदर रोड हदियाबाद फगवाड़ा के द्वारा ट्रस्ट की निगरानी में मंदिर का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के नवरात्रों में यहां भारी मेला लगता है। जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा सहित शामिल होते हैं और मन वांछित फल पाते हैं। इस बार 25 मार्च दिन बृहस्पतिवार को अष्टमी के दिन मेले का शुभारंभ होगा। जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी कामना मन में लेकर माता मनसा देवी के समक्ष नतमस्तक होने पहुंचेंगे। प्रबंधकों के अनुसार मेल की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रद्दालुओं की सुरक्षा, जलपान, स्वास्थ्य एवं विश्राम की उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 26 मार्च दिन शुक्रवार को इस दो दिवसीय मेले का समापन कंजक पूजन के साथ किया जायेगा। इस अवसर पर स्वामी शंकर नाथ पर पर्वत चैरिटेबल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के पदादिकारियों के आलावा मन्दिर के सेवादार एडवोकेट लोकेश नारंग, नरेश दुग्गल, राकेश दुग्गल, बृजभूषण जलोटा, विवेक हांडा, विनोद दुग्गल, रवि मंगल दुग्गल, डा. सतीश दुग्गल, आंचल दुग्गल, वरिंदर दुग्गल आदि उपस्थित थे।



Uturn Time 26 Mar 2026_Layout 2 25-03-2026 23:15 Page 12



# सुखी: चेतावनी देने के एक घंटे बाद ईरान ने वरर अब्राहम लिंकन पर मिसाइल दागी; अमेरिका बेखबर रहा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मार्च। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, ईरान ने दावा किया है कि उसने बुधवार, यानी आज, वरर अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत पर एक क्रूज मिसाइल दागी है। हालाँकि, अमेरिकी अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई पुष्टि या प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन अन्य अंतरराष्ट्रीय समाचार चैनलों पर यह चर्चा जोरों पर है कि ईरान ने वास्तव में अमेरिका को जोरदार चोट पहुँचाई है।

ईरानी सेना के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि अमेरिकी विमानवाहक पोत की दिशा में तटीय क्रूज मिसाइलें दागी गईं। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब ईरानी नौसेना ने संयुक्त राज्य अमेरिका को सीधी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि वरर अब्राहम लिंकन हमारी कड़ी निगरानी में है और यदि वह ईरानी क्षेत्र के करीब आता है, तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। सरकारी प्रसारक 'प्रेस टीवी' की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने चेतावनी दी थी कि यदि विमानवाहक पोत ईरान की मिसाइल प्रणालियों की सीमा में प्रवेश करता है, तो सेना की नौसेना द्वारा उस पर हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पोत की लगातार निगरानी की जा रही है। इस चेतावनी के साथ ही, वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारियों की ओर से व्यापक टिप्पणियाँ भी आईं, जिनमें अमेरिकी प्रभाव को खारिज किया गया। प्रेस टीवी ने बताया कि 'खातम अल-अंबिया' केंद्रीय



मुख्यालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफि कारी ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पहले दावा की गई रणनीतिक शक्ति अब ₹रणनीतिक हार₹ में बदल गई है। ये टिप्पणियाँ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किए गए उस ₹तनाव कम करने (de-escalation) के प्रयास के बाद आई हैं, जिसमें उन्होंने ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले करने के लिए दी गई 48 घंटे की समय-सीमा से कदम पीछे खींच लिए थे। बताया जाता है कि यह बदलाव तब आया, जब ईरान ने चेतावनी दी थी कि ऐसे किसी भी हमले का जवाब, पूरे क्षेत्र में ऊर्जा और बिजली के बुनियादी ढाँचे पर जवाबी हमले करके दिया जाएगा। अमेरिकी रुख में आए इस बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हुए जोलफि कारी ने कहा, ₹यदि दुनिया की स्व-घोषित महाशक्ति इस दुविधा से बच निकल सकती, तो वह अब तक ऐसा कर चुकी होती। अपनी हार को 'समझौता' का नाम मत दो। ये टिप्पणियाँ ट्रम्प के 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर किए गए उन दावों का खंडन करती हुई भी प्रतीत होती हैं, जिनमें उन्होंने कहा था कि पिछले दो दिनों के दौरान दोनों देशों के बीच पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने की दिशा में बहुत अच्छी और रचनात्मक बातचीत हुई है। हालाँकि, प्रेस टीवी ने तेहरान स्थित एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि दोनों पक्षों के बीच कोई भी आधिकारिक बातचीत नहीं हुई है। जोलफि कारी ने भी इसी रुख का समर्थन करते हुए कहा कि वाशिंगटन के आश्वासनों पर निर्भर रहने का दौर अब समाप्त हो चुका है। ह्लआपके वादों का दौर अब खत्म हो चुका है। आज दुनिया में सिर्फ.दो ही पक्ष हैं: सच और झूठ। और आजादी चाहने वाला सच का हर खोजी आपकी मीडिया की लहरों से गुमराह नहीं होगा, उन्होंने कहा। उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के भीतर मौजूद आपसी फूट का भी मजाक उड़ाया, और यह सवाल उठाया कि क्या 'आपकी आपसी लड़ाई इस हद तक पहुँच गई है कि आप खुद से ही बातचीत करने लगे हैं।' जोलफाकारी ने आगे यह भी दावा किया कि इस क्षेत्र में अमेरिकी निवेश और ऊर्जा की कीमतें अब पहले के स्तर पर कभी वापस नहीं लौटेंगी, और जोर देकर कहा कि अब इस क्षेत्र की स्थिरता का निर्धारण ईरान की सैन्य क्षमताओं से ही होगा। 'इस क्षेत्र में स्थिरता हमारी सेनाओं के मजबूत हाथों से ही सुनिश्चित होती है, उन्होंने कहा, और इस स्थिति को ताकत के दम पर स्थिरता बताया।

# अमलाला में अवैध माइनिंग के खिलाफ भड़का जनाक्रोश, सैकड़ों लोगों ने रोके टिप्पर

## हल्का विधायक के शेह पर चल रही है नाजायज मीनिंग: दीपेंद्र सिंह ढिल्लों



डेराबस्सी, यूटर्न, 25 मार्च। गांव अमलाला के पास घग्गर नदी में कथित अवैध माइनिंग को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कांग्रेस हलका इंचार्ज दीपेंद्र सिंह ढिल्लों की अगुवाई में अमलाला समेत आसपास के कई गांवों के सैकड़ों लोग एकजुट होकर सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने रेत से भरे टिप्परों को रोककर मौके पर ही धरना शुरू कर दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने आरोप लगाया कि इलाके में दिन-रात अवैध माइनिंग हो रही है और इसमें सत्ताधारी दल के लोगों की मिलीभगत है। उन्होंने हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि




उनकी शह पर यह काम चल रहा है, जबकि प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। ढिल्लों ने यह भी दावा किया कि आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ सरपंचों के टिप्पर और पोकलेन मशीनें इस माइनिंग में लगी हुई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि माइनिंग में लगे भारी वाहनों की आवाजाही से घग्गर नदी पर बना पुल जर्जर हो चुका है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है और कई गांवों का संपर्क टूट सकता है। प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए इलाके में यातायात भी प्रभावित रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से माइनिंग बंद कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### क्या कहते हैं लोग

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द अवैध माइनिंग पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो चक्का जाम जैसे सख्त कदम भी उठाए जाएंगे।

### अधिकारी बोले

प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि स्थानीय स्तर पर जांच और कार्रवाई की बात कही जा रही है।

'क्षेत्र में अवैध माइनिंग खुलेआम चल रही है। प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी कार्रवाई नहीं कर रहा। अगर यह तुरंत बंद नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।'
— दीपेंद्र सिंह ढिल्लों, कांग्रेस हलका इंचार्ज

# 4-5 दिन से पानी की किल्लत, टैंकर मंगवाने को मजबूर लोग



डेराबस्सी/यूटर्न/25 मार्च। आदर्श नगर गली नंबर 7, वार्ड नंबर 13 में पिछले चार से पांच दिनों से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि लोगों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए निजी टैंकर मंगवाकर पानी भरना पड़ रहा है। इससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है और परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि समस्या को लेकर नगर परिषद के प्रधान को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। इसके अलावा नगर परिषद के ईओ, जेई और जल बोर्ड के जेई को भी बार-बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। वहीं, वाटर सप्लाई इंस्पेक्टर और सीवर बोर्ड के जेई का कहना है कि इलाके में पाइप बदलने का काम चल रहा है। उनके अनुसार, एक-दो घंटे के भीतर पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल लोग प्रशासन के आश्वासनों पर नजर टिकाए हुए हैं। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों में रोष बढ़ सकता है और वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो सकते हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372